मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 15

अनुक्रमांक

नाम

936 **830(FL)**

**2013**

चित्रकला

केवल प्रश्नपत्र

समय : तीन घण्टे 15 मिनट ] [ पूर्णांक : 70

निर्देश : प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं ।

**विशेष निर्देश :**

i) मुखपृष्ठ (cover page) तथा इसमें रखे प्रत्येक उत्तर पत्र के दाहिने कोने पर अपना अनुक्रमांक अंकों तथा शब्दों में साफ-साफ लिखिए तथा कक्ष निरीक्षक से भी सभी प्रपत्रों पर स्पष्ट हस्ताक्षर करवाइए।

[ Turn over



ii) प्रश्नपत्र **तीन** खण्डों में विभाजित है। इनमें से खण्ड **क** का प्रश्न अनिवार्य है। खण्ड **ख** और खण्ड **ग** में से किसी **एक** खण्ड का ही प्रश्न हल करना है।

iii) खण्ड **क** के 'प्राकृतिक-दृश्य-चित्रण' **अथवा** 'आलेखन' **अथवा** 'प्राविधिक-कला' में से केवल **एक** का ही चित्रण करना है।

iv) खण्ड **ख** से 'स्मृति चित्रण' **अथवा** खण्ड **ग** से 'भारतीय चित्रकला' में से किसी **एक** का ही उत्तर देना है।

v) केन्द्र व्यवस्थापक अपनी हस्ताक्षर युक्त मुहर (Facsimile) प्रत्येक प्रपत्र पर लगाएँ और उन पर कक्ष निरीक्षक के भी हस्ताक्षर करवाएँ।

## खण्ड 'क'

## (अनिवार्य)

## ( प्राकृतिक-दृश्य-चित्रण )

1. 22 सेमी × 18 सेमी के आयत में ग्रामीण सूर्यास्त का दृश्यचित्र बनाइए। कुछ झोपड़ियाँ, वृक्ष, कुएँ के पास एक ग्रामीण महिला तथा मैदान में घास चरते हुए कुछ जानवरों का दृश्यचित्र बनाइए। चित्र में जलरंगों अथवा पेस्टल रंगों का प्रयोग कीजिए।

चित्रांकन करते समय निम्नलिखित बातों पर विशेष ध्यान दीजिए :

अ) सही संरचना एवं परिप्रेक्ष्य 15

ब) संयोजन 7½

स) सुसंगत रंगों का चयन एवं उनके प्रयोग 15

द) आकर्षण और सामान्य प्रभाव। 7½

**अथवा**





## ( आलेखन )

एक 18 सेमी व्यास वाले वृत्त में एक फर्श के मध्य के लिए एक आलेखन बनाइए। आलेखन में कनेर का फूल अथवा गुलाब में से किसी एक फूल, पत्तियों एवं कलियों सहित दिखाइए। यथास्थान पर किसी पक्षी का समायोजन कीजिए। इसमें कम से कम तीन रंगों का प्रयोग कीजिए। ट्रेसिंग करना मना है।

आलेखन बनाते समय निम्नलिखित बिन्दुओं पर विशेष ध्यान दीजिए :

अ) इकाई की मौलिकता 15

ब) लयात्मक रेखांकन 7½

स) रंग योजना 15

द) सामान्य प्रभाव एवं आकर्षण। 7½

**अथवा**

( प्राविधिक-कला )

**सूचना :**

i) निम्नलिखित **पांच** प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न के अंक समान हैं।

ii) रचना में निर्दिष्ट रेखायें, रचनात्मक रेखायें एवं अभीष्ट रेखायें स्पष्ट कीजिए।

iii) रफ़ कार्य श्वेत फुलस्केप पेपर पर कीजिए। इसे भी अपने उत्तर पत्र के साथ संलग्न कर दीजिए। 3 × 15 = 45





अ) दो वृत्त जिनकी त्रिज्याएँ क्रमशः 2·6 सेमी तथा 2·4 सेमी के केन्द्रों के बीच की दूरी 8 सेमी है। वृत्तों पर बाह्य तथा तिर्यक सामान्य स्पर्श रेखाएँ खींचिए।

5 + 10

ब) एक त्रिभुज **अबस** की रचना कीजिए जिसकी भुजाएँ क्रमशः 3 सेमी, 4·5 सेमी तथा 5 सेमी हों। इसके बराबर क्षेत्रफल में एक समबाहु त्रिभुज बनाइए।

5 + 10

स) एक समलम्ब (ट्रैपीजियम) की रचना कीजिए जिनकी संलग्न भुजाएँ 5 सेमी और 3·5 सेमी तथा विकर्ण 7·5 सेमी हों। इसके अन्तर्गत एक वर्ग की रचना कीजिए।

5 + 10

द) 5 सेमी भुजा के समपंचभुज के अन्तर्गत एक आकर्षक ज्यामितीय आलेखन बनाइए जो रेखाओं एवं वृत्तों पर आधारित हो। 5 + 10

य) एक साधारण मापनी की रचना कीजिए जिस पर केवल मीटर की दूरी पढ़ी जा सके। 200 मीटर की दूरी 5 सेमी द्वारा प्रदर्शित की गई है। मापनी पर 460 मीटर की दूरी दर्शाइये। निरूपक भिन्न भी ज्ञात कीजिए। 2 + 10 + 3

[ Turn over



**खण्ड 'ख'**

**( स्मृति चित्रण )**

2. इस प्रश्न में दो विभाग **I** तथा **II** हैं। दोनों ही विभागों को चित्रित कीजिए।

I. निम्नलिखित में से किसी **एक** का स्मृति-चित्रण पेन्सिल द्वारा बनाइये। चित्र 14 सेमी से कम न हो। चित्रांकन में निम्न बिन्दुओं पर विशेष ध्यान दिया जाए :

i) आकृतियों की अनुरूपता एवं रेखा सौष्ठव 6

https://www.upboardonline.com

ii) छाया-प्रकाश तथा प्रतिच्छाया 6½

क) टेबल लैम्प

ख) पतंग

ग) बत्तख

घ) किताब।

II. निम्नलिखित में से किसी **एक** का चित्रण पेन्सिल से कीजिए। चित्र 14 सेमी से कम न हो। चित्रांकन में निम्न बिन्दुओं की अनुरूपता पर विशेष ध्यान दीजिए :

i) सही आकार एवं सौष्ठव रेखांकन 6

ii) छाया-प्रकाश तथा प्रतिच्छाया 6½

क) पत्तियों सहित शलजम

ख) फूलगोभी

ग) अनार पत्तियों सहित

घ) अंगूर का गुच्छा।

**अथवा**





**खण्ड 'ग'**

**( भारतीय चित्रकला )**

3. अ) भारतीय चित्रकला में रंगों का प्रयोग और महत्व बताइए। 15

**अथवा**

i) अजन्ता की गुफाओं पर संक्षेप में बताइए। 7½

ii) वात्स्यायन के अनुसार भारतीय चित्रकला के अंगों का संक्षिप्त वर्णन कीजिए। 7½

**अथवा**

भारतीय चित्रकला की विशेषताओं का वर्णन कीजिए। 15

ब) निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न खण्ड के चार विकल्प दिए गये हैं। सही विकल्प का चयन कर अपनी उत्तर-पुस्तिका में क्रमानुसार लिखिए।

i) गर्म रंग कितने होते हैं ?

अ) 4 ब) 2

स) 3 द) 5. 1

ii) कौन-सी पेन्सिल से बनी रेखा सबसे अधिक काली होगी ?

अ) HB ब) 2B

स) 2H द) H. 1

[ Turn over



iii) प्राथमिक रंगों की संख्या है

अ) 3 ब) 4

स) 5 द) 6. 1

iv) पहाड़ी कला कहाँ विकसित हुई ?

अ) कर्नाटक

ब) राजस्थान

स) उत्तर प्रदेश

द) हिमाचल प्रदेश। 1

v) ओस्टवाल्ड के अनुसार मुख्य रंग हैं

अ) 4 ब) 5

स) 6 द) 7. 1

vi) हरे रंग का विरोधी रंग कौन-सा है ?

अ) लाल

ब) काला

स) नीला

द) सफेद। 1

vii) ताड़पत्र पर चित्रांकन किस शैली में है ?

अ) अजन्ता

ब) अपभ्रंश

स) बौद्ध

द) मुगल। 1





viii) किशनगढ़ शैली के प्रमुख चित्रकार थे

अ) हरिदास

ब) सावन्त सिंह

स) बनी ठनी

द) विशन दास। 1

ix) मन्सूर किस काल के चित्रकार थे ?

अ) बौद्धकाल

ब) मध्यकाल

स) राजपूत काल

द) मुगल काल । 1

x) निम्न में से काले रंग का विरोधी रंग कौन-सा है ?

अ) लाल    ब) सफेद

स) पीला    द) हरा।    1

---

830(FL) - 4,60,000

https://www.upboardonline.com
Whatsapp @ 9300930012
Send your old paper & get 10/-
अपने पुराने पेपर्स भेजे और 10 रुपये पायें,
Paytm or Google Pay से